Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding approval to the proposal for rejuvenation of Pabna and Ulhas rivers in Maharashtra -laid.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य नदी संरक्षण परियोजना महाराष्ट्र की 21 नदियों के पुनर्वास और कायाकल्प हेतु प्रस्ताव भेजा है । करीबन 3810 करोड़ रूपए की मांग इस प्रस्तावों के तहत केंद्र से की गई है । इसमें से मेरे चुनाव क्षेत्र में पिंपरी चिंचवड म्युनिसिपल कारपोरेशन क्षेत्र में पवना नदी का ३४३ करोड़ ६६ लाख रूपये का प्रस्ताव और कर्जत नगर पालिका क्षेत्र में उल्हास नदी का ३७ करोड़ 53 लाख रूपये का प्रस्ताव भेजा है|

केंद्र सरकार द्वारा इस मंत्रालय को नदी पुनर्वास और कायाकल्प योजना के तहत ज्यादा धनराशि नहीं दी जाती है | इसके साथ ही साथ नदी पुनर्वास और कायाकल्प योजना के तहत पूना महानगर पालिका ने पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका के बाद अपना प्रस्ताव भेजा था जबकि केंद्र के द्वारा पूना महानगर पालिका के द्वारा भेजा गया प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गई, जबकि पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका का प्रस्ताव आज भी केंद्र के पास मंजूरी हेतु लंबित पड़ा है|

मेरी सरकार से मांग है कि पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका में सबसे ज्यादा कारखाने हैं और केंद्र सरकार को इससे सबसे अधिक आमदनी भी प्राप्त होती है अतः मेरे क्षेत्र की पवना और उल्हास नदी सुधार के प्रस्ताव को मंजूर करने की मांग करता हूँ |